एचपीसीएल के कार्यस्थल ग्रीनको 'प्लेटिनम' रेटिंग से सम्मानित

09 अक्टूबर, 2020

प्रिय साथियो,

हमें यह सूचित करने में प्रसन्नता हो रही है कि हमारे चार विपणन कार्यस्थल नामतः भोपाल एलपीजी संयंत्र, कालीकट एएसएफ, कानपुर टर्मिनल और मुंद्रा टर्मिनल को भारतीय उद्योग परिसंघ - ग्रीन बिजनेस सेंटर (सीआईआई –जीबीसी) द्वारा 7 अक्टूबर, 2020 को आयोजित 9वें आभासी ग्रीनको शिखर सम्मेलन में ग्रीनको प्लेटिनम रेटिंग से सम्मानित किया गया है। ग्रीनको पुरस्कारों की घोषणा विभिन्न उद्योगों के दिग्गजों तथा पुरस्कार विजेता कार्यस्थल के प्रभारियों: श्री पंकज रत्नापारखी (भोपाल एलपीजी संयंत्र), श्री कोमरा श्रीनिवासु (कालीकट एएसएफ), श्री रंजन दास्तीदार (कानपुर टर्मिनल) एवं श्री एम.आर.चौहान (मुंद्रा टर्मिनल) की उपस्थिति में की गई। इस आभासी पुरस्कार समारोह में विभिन्न एसबीयू और निगम एचएसई टीम के सदस्यों ने भी भाग लिया।

आयोजन में, हमारे कार्यकारी निदेशक एचएसई-निगम, श्री सुकुमार नंदी 'ग्रीनको चैंपियंस के साथ चर्चा' पर सत्र में एक पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुए, जिसमें उन्होंने हमारे निगम में ग्रीनको कार्यान्वयन की यात्रा, चुनौतियों, एवं लाभों तथा इसके आगे प्रसार के लिए योजना को साझा किया।

सीआईआई-गोदरेज जीबीसी द्वारा बनाई गई ग्रीनको रेटिंग प्रणाली त्वरित वृद्धि के लिए प्रयास करते हुए जीवन चक्र दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए अपनी पर्यावरण हितैषी एवं संसाधन संरक्षण गतिविधियों पर कंपनी की गतिविधियों के प्रदर्शन और आकलन के लिए एक समग्र ढांचा है। रेटिंग का ढांचा ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, नवीकरणीय ऊर्जा, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, हरित आपूर्ति शृंखला, उत्पाद स्टीवर्डशिप, नवोन्मेषन आदि जैसे मापदंडों पर आधारित है। इन चार कार्यस्थलों ने संधारणीयता प्रभाग एवं संबंधित एसबीयू के मार्गदर्शन में निम्नलिखित उपायों को लागू करते हुए मापदंडों पर उच्च अंक हासिल किए लिए:

- ऊर्जा, पानी की खपत और जीएचजी उत्सर्जन में कमी।
- वर्षा जल संचयन क्षमताओं का विस्तार।
- सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा का उत्पादन।
- उच्च कार्बन अनुक्रमिक क्षमता वाले वृक्षों का रोपण।
- हरित आपूर्ति शृंखला, उत्पाद स्टूवार्डशिप एवं अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्रों में अभिनव पहल।
- विभिन्न संधारणीयता जागरूकता सत्रों और ड्राइव में हितधारकों को शामिल करना।
- संधारणीयता में योगदान देने वाले नवोन्मेषन।

भोपाल, कालीकट, कानपुर और मुंद्रा कार्यस्थलों की टीमों; विमानन, एलपीजी और आपूर्ति, परिचालन एवं वितरण एसबीयू तथा टीम संधारणीयता – निगम एचएसई को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाइयाँ।

सादर,
टीम जन संपर्क निगम संचार

HPCL Locations awarded Greenco ‘Platinum’ Rating

09 October, 2020

Dear Colleagues,

We are pleased to inform that four of our marketing locations viz. Bhopal LPG Plant, Calicut ASF, Kanpur Terminal and Mundra Terminal have been awarded Greenco Platinum Rating on October 7th,2020 at the 9th Virtual Greenco Summit organized by the Confederation of Indian Industry – Green Business Centre (CII-GBC). The Greenco award announcement was made in the presence of veterans of various industries and the award winning Location – in – charges: Shri. Pankaj Ratnaparkhi (Bhopal LPG Plant), Shri. Komara Srinivasu (Calicut ASF), Shri. Ranjan Dastidar (Kanpur Terminal) and Shri M.R.Chauhan (Mundra Terminal). Members from SBUs and Corporate HSE Team also took part in the virtual award ceremony.

In the event, our Executive Director HSE-Corporate- Shri. Sukumar Nandi joined as a panelist in the session on ‘Discussion with Greenco Champions’ wherein he shared the Greenco Implementation journey in our corporation, the challenges faced, benefits received and plans for further proliferation.

The Greenco Rating System instituted by CII-Godrej GBC is a holistic framework to assess the systems and performance of the company's activities on their environmental friendliness and resource conservation activities using life cycle approach while striving for accelerated growth. The rating framework is based on parameters such as Energy Efficiency, Water Conservation, Waste management, Renewable Energy, Greenhouse Gas Emissions, Green Supply Chain, Product Stewardship, Innovation etc. All the four locations scored high on these parameters under the guidance of Sustainability Division and respective SBUs while implementing measures for:

- Reduction in energy, water consumption and GHG emissions.
- Augmentation of rain water harvesting capacities.
- Generation of renewable energy through solar power plants.
- Plantation of trees with high carbon sequestration potential.
- Innovative initiatives in the areas of green supply chain, product stewardship & waste management.
- Engaging stakeholders in various sustainability awareness sessions and drives.
- Innovations contributing to sustainability.

Heartiest congratulations to teams at Bhopal, Calicut, Kanpur and Mundra; Aviation, LPG & SOD SBUs and Team Sustainability –Corporate HSE for this remarkable achievement.

Regards,
Team PRCC